डिजिटल जनगणना : मोबाइल एप से तैयार होगी परिवार की कुंडली

परिवार से पूंछे जाएंगे 33 प्रश्नों के जवाब, इंसान के साथ ही मवेशियों की सुविधाओं की होगी गिनती

नवभारत न्यूज

सीधी,28 मार्च। देश की 16वीं जनगणना का आगाज हो चुका है। वर्ष 2011 के बाद पहली बार होने जा रही ये जनगणना कई मायनों में ऐतिहासिक होने वाली हैं। क्योंकि यह पूरी तरह से डिजिटल होगी। जिले में 1 मई 2026 से इस महाअभियान की शुरुआत होगी। डिजिटल जनगणना में 33 सवाल पूंछे जाएंगे और तीन मोबाइल ऐप से परिवार की कुंडली तैयार की जाएगी।

जनगणना के कार्य में लगा प्रशासनिक अमला घर-घर जाकर न सिर्फ आबादी बल्कि जीवन स्तर, आवास, मवेशियों के साथ सुविधाओं और संसाधनों से जुड़ी विस्तृत जानकारी जुटाएगा। इस बार जनगणना केवल सिर गिनने तक सीमित नहीं रहेगी। जिले में हर परिवार की मुकम्मल कुंडली तैयार की जाएगी। यह कागज-कलम की जगह मोबाइल ऐप से डाटा फीडिंग होगी और पूरी प्रक्रिया की रियल टाइम मानीटरिंग की जाएगी। जनगणना के डिजिटल स्वरूप के लिए 3 विशेष ऐप विकसित किए गए हैं। हाउसिंग आपरेशन ऐप से मकानों का सूचीकरण और गणना होगी। जनगणना ऐप के जरिए परिवार और लोगों का विवरण दर्ज किया जाएगा। डीएलएन ऐप से जीपीएस आधारित डिजिटल मैप पर ब्लॉक सीमाएं कैप्चर की जाएंगी। डिजिटल सिस्टम के चलते आंकड़ों के प्रकाशन में वर्षों का इंतजार नहीं करना पड़ेगा। सीएमएमएस पोर्टल से उच्च स्तर पर निगरानी होगी। जिससे त्रुटियों की गुंजाइस न्यूनतम रहेगी।

जनगणना का कार्य दो चरणों में होगा। प्रथम चरण में 1 मई 2026 से मकान सूचीकरण व मकान गणना, द्वितीय चरण फरवरी 2027 से एवं मार्च 2027 में अंतिम आंकड़े प्रकाशित किए जाएंगे। सीधी जिले पर नजर दौड़ाई जाए तो यहां की जनसंख्या 1127033 है। जिसमें 575912 पुरुष एवं 551121 महिलाएं हैं। सीधी जिले की शहरी जनसंख्या 93121 है। वहीं ग्रामीण जनसंख्या 1033912 है। वर्ष 2011 की जनगणना के अनुसार जिले की जनसंख्या 1127033 थी। अब वर्ष 2026 में अनुमानित जनसंख्या जिले की करीब 18 लाख आंकी जा रही है। प्रथम चरण में 33 सवाल पूंछे जाएंगे। इनमें मकान/भवन नंबर, फर्श-दीवार, छत की सामग्री, मकान का उपयोग, हालत और स्वामित्व, परिवार के सदस्यों की संख्या, मुखिया का नाम, लिंग, साइकिल, बाइक, कार जैसे वाहनों उपलब्धता, टेलीफोन, स्मार्टफोन, इंटरनेट, कम्प्यूटर, रसोई घर, एलपीजी कनेक्शन, पेयजल स्त्रोत, शौंचालय की उपलब्धता आदि शामिल रहेंगे।

अधिकारियों को मिल चुका है प्रशिक्षण

आगामी भारत की जनगणना 2027 की तैयारियों के अंतर्गत जिला सीधी में जिला एवं चार्ज स्तर के अधिकारियों के लिए डीसीएचबी एवं सीएमएमएस हैंड्स ऑन विषय पर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में अधिकारियों को जनगणना से संबंधित डिजिटल सिस्टम के उपयोग एवं डाटा मैनेजमेंट के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। प्रशिक्षण के दौरान विशेषज्ञों द्वारा अधिकारियों को जनगणना कार्य की विभिन्न प्रक्रियाओं, डाटा कलेक्शन, डिजिटल प्लेटफॉर्म के उपयोग तथा जानकारी के ऑनलाइन अपडेट की प्रक्रिया के बारे में विस्तार से बताया गया। साथ ही प्रतिभागियों को हैंड्स ऑन ट्रेनिंग के माध्यम से पोर्टल पर प्रैक्टिकल अभ्यास भी कराया गया, जिससे वे सिस्टम के संचालन को बेहतर तरीके से समझ सकें। प्रशिक्षण कार्यक्रम में जिला एवं चार्ज स्तर के अधिकारी सहित संबंधित विभागों के कर्मचारी उपस्थित रहे।

इनका कहना है

1 मई 2026 से प्रथम चरण में घरों की गणना एवं नंबरिंग का कार्य शुरू किया जाएगा। तत्संबंध में संबंधित अधिकारियों को प्रशिक्षण दिया जा चुका है। जिले में 4 मास्टर ट्रेनर चयनित किए गए हैं। जिन्हें प्रशिक्षण के लिए भोपाल भेजा गया। जनगणना कार्य के लिए शिक्षकों सहित अन्य शासकीय कर्मचारियों को प्रगणक बनाया जाएगा। ग्रामीण क्षेत्रों में संबंधित तहसीलदार तथा नगरीय क्षेत्रों में नगर पालिका अधिकारी चार्ज अधिकारी होंगे।

बी.पी.पाण्डेय, अपर कलेक्टर सीधी

जय श्रीराम के जयकारों से गूंजा नगर जलपान व पुष्प वर्षा से हुआ स्वागत

सेमरिया में व्यापारी संघ की भव्य राम शोभायात्रा

नवभारत न्यूज

सेमरिया 28 मार्च। रामनवमी के पावन अवसर पर शुक्रवार को व्यापारी संघ द्वारा भगवान श्रीराम की विशाल एवं भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शाम 5 बजे से प्रारंभ हुई यह शोभायात्रा रात 8 बजे तक नगर के विभिन्न मार्गों से होकर गुजरी। इस दौरान पूरे बाजार में जय श्रीराम के जयकारों से वातावरण भक्तिमय हो गया।

शोभायात्रा में बड़ी संख्या में राम भक्त शामिल हुए और श्रद्धा के साथ भगवान श्रीराम का गुणगान करते नजर आए। यात्रा के दौरान बाजार के विभिन्न स्थानों पर व्यापारियों द्वारा श्रद्धालुओं के लिए जलपान की व्यवस्था की गई। कई स्थानों पर पुष्प वर्षा कर शोभायात्रा का भव्य स्वागत किया गया, जिससे माहौल और भी उत्साहपूर्ण बन गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से व्यापारी संघ के अध्यक्ष सीधी लालचंद गुप्ता, जिला पंचायत सदस्य सरस्वती बहेलिया, उमेश तिवारी संयोजक क्रांतिकारी मोर्चा सीधी, व्यापारी संघ सेमरिया अध्यक्ष दिनेश गुप्ता, झगरहा सरपंच प्रतिनिधि संजय पाण्डेय, संतोष पाण्डेय बम्हनी, व्यापारी संघ के उपाध्यक्ष राजीव सोनी, कृष्ण कुमार गुप्ता, राजबली बहेलिया, महात्मा गांधी मेमोरियल हाईस्कूल रामगढ़ सेमरिया के संचालक श्रीकांत तिवारी, कुंवर सिंह, वीरू गुप्ता, प्रभात वर्मा, अमित गुप्ता, जितेन्द्र मिश्रा, अरुण गुप्ता, शैलेश तिवारी आयुष इंडियन पब्लिक स्कूल देवगढ़, विजय फोटो स्टूडियो सेमरिया, सुमित गुप्ता, पंकज अग्रहरि, प्रदीप गुप्ता, विनोद गुप्ता, युवा अध्यक्ष व्यापारी संघ सेमरिया रामजी गुप्ता, मनोज गुप्ता, विश्वनाथ गुप्ता, रोहित गुप्ता, संदीप सिंह, छोटे सिंह, तारा मोटर पुष्पेंद्र सिंह, अजीत गुप्ता, शिवा गुप्ता, संदीप गुप्ता, दिलीप गुप्ता, प्रदीप सोनी, सागर गुप्ता, तेजस्वी मिश्रा, पिंटू सोनी, शिवम बहेलिया, कुबेर वर्मा, अरुण तिवारी देवगढ़, दया सिंह, उपेन्द्र मिश्रा पस्थित रहे। वहीं सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर सेमरिया थाना प्रभारी केदार परौहा के नेतृत्व में भूपेन्द्र बागरी, मनीष शुक्ला सहित दर्जन पुलिस बल मौके पर मौजूद रहे।

भगवान श्री राम की निकली भव्य शोभा यात्रा, आकर्षण का केन्द्र बने रहे झांकी के बाल कलाकार

नवभारत न्यूज

चुरहट 28 मार्च। मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम का जन्मोत्सव धूमधाम के साथ चुरहट में मनाया गया। नगर के युवाओं द्वारा प्रभु श्री राम एवं माता जानकी के साथ भगवान लक्ष्मण की भव्य झांकी के साथ शोभा यात्रा निकाली गई, रथ में बीर हनुमान जी भी सवार थे।

शोभायात्रा नगर का भ्रमण होते हुए चुरहट की प्रसिद्ध बूढ़ी माता के मंदिर में समाप्त हुई। इसके साथ ही बूढ़ी माता मंदिर प्रांगण में देवी जागरण का कार्यक्रम हुआ जो देर रात तक चला। इस दौरान राम भक्तों के द्वारा जय श्रीराम के गगनभेदी नारों से पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा। इससे पूर्व मंदिर में प्रभु श्रीराम व भक्त हनुमान का आकर्षक श्रृंगार कर विधिवत आरती की गई तथा प्रसाद वितरण किया गया। पुष्पों से सुसज्जित वाहन को रथ का स्वरूप देकर उस पर प्रभु श्रीराम की भव्य प्रतिमा स्थापित की गई। मार्ग में विभिन्न स्थानों पर श्रद्धालुओं ने पुष्पवर्षा कर शोभायात्रा का स्वागत किया। डीजे पर बज रहे राम भजनों पर श्रद्धालु झूमते-गाते चल रहे थे। उक्त कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अनेद्र मिश्र राजन युवा नेता, डॉ.वरुण सिंह, सुखनंदन सोनी नगर कांग्रेस अध्यक्ष, विजय सोनी, भूपेश गुप्ता, अजय सोनी, राजकरन नामदेव, छोटे गुप्ता, श्रीजल गुप्ता, अजय रजक, सुमित गुप्ता, अजीत गुप्ता, सत्यम गुप्ता, रवि पाण्डेय सहित नगर के युवा, महिला पुरुष गणमान्य लोगों की उपस्थिति रही। उक्त कार्यक्रम के कलाकारों में दीपक नामदेव, सूरज नामदेव, सत्यम सोनी, अमृत लाल पटेल, आस्था सिंह सहित कलाकारों ने प्रस्तुति दी।

शिक्षक पात्रता परीक्षा नहीं होगी, शिक्षक मानसिक दबाव में न आएं : सतीश

नवभारत न्यूज

सीधी 28 मार्च। मध्य प्रदेश शिक्षक संघ जिला सीधी के जिलाध्यक्ष सतीश कुमार पाण्डेय ने बताया कि सर्वोच्च न्यायालय द्वारा शिक्षक पात्रता परीक्षा (टेट) को लेकर हमारे शिक्षक साथी मानसिक रूप से दबाव में और चिंतित है। बताना चाहता हूं कि कोई भी शिक्षक साथी मानसिक रूप से दबाव में ना आए और निश्चिंत रहें किसी भी शिक्षक साथी को पात्रता परीक्षा नहीं देनी होगी।

इस संबंध में अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के पदाधिकारी केन्द्रीय मंत्री मानव संसाधन धर्मेन्द्र प्रधान से एवं मध्य प्रदेश शिक्षक संघ के प्रांताध्यक्ष डॉ.क्षत्रवीर सिंह राठौर, महामंत्री राकेश गुप्ता एवं अन्य पदाधिकारी व्यक्तिगत तौर पर मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव एवं शिक्षा मंत्री राव उदय प्रताप सिंह से मुलाकात कर सुप्रीम कोर्ट में शिक्षक पात्रता परीक्षा (टेट) के निर्णय पर पुनर्विचार याचिका दायर करने की चर्चा पर निर्णय लिया गया है कि मध्य प्रदेश सरकार एवं केन्द्र सरकार दोनों पुनर्विचार याचिका शिक्षक हित में दायर करेगी। इसके लिए शिक्षक साथी निश्चिंत रहें। जिलाध्यक्ष ने शिक्षकों को सचेत करते हुए यह भी कहा गया है कि कुछ संगठन शिक्षकों से याचिका दायर करने के नाम से 3-3 की मांग की जा रही है। किसी भी शिक्षक साथी को एक पैसे नहीं देना है, अभी सरकार पुनर्विचार याचिका दायर कर रही है। अगर जरूरत पड़ेगी तो मध्यप्रदेश शिक्षक संघ एवं अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ दिल्ली शिक्षक के हित में पुनर्विचार याचिका दायर करेगी। किसी भी शिक्षक साथी को एक पैसे नहीं लगेगा। इसलिए सभी शिक्षक साथी से अनुरोध है कि शिक्षक पात्रता परीक्षा (टेट) को लेकर परेशान होने एवं मानसिक दबाव में रहने की जरूरत नहीं है। मध्य प्रदेश शिक्षक संघ आपके हितार्थ निरंतर प्रयासरत है और आपको परीक्षा नहीं देनी होगी इसका भरोसा दिलाता है।

शिक्षा ही वह माध्यम है, जो व्यक्ति को उसके अधिकारों और कर्तव्यों के प्रति जागरूक है बनाती : प्रयागलाल

▶ टंसार में वृहद विधिक जागरूकता एवं साक्षरण शिविर आयोजित

नवभारत न्यूज

सीधी,28 मार्च। म.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार जिले के विकासखंड कुसमी अंतर्गत पीएम श्री शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय टंसार के प्रांगण में वृहद विधिक जागरूकता एवं साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर का उद्देश्य ग्रामीण एवं विशेष रूप से आदिवासी समुदाय को उनके विधिक अधिकारों के प्रति जागरूक करना, उन्हें न्याय प्रणाली से जोड़ना तथा शासन द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं का लाभ सुनिश्चित करना रहा। शिविर में उपस्थित जनसमूह को नि:शुल्क विधिक सहायता, लोक अदालत, पीड़ित प्रतिकर योजना सहित विभिन्न विधिक प्रावधानों की जानकारी दी गई। साथ ही संकल्प से समाधान अभियान के अंतर्गत विभिन्न विभागों द्वारा प्राप्त आवेदनों के निराकरण हेतु हितग्राहियों को मौके पर ही हितलाभ वितरित किए गए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष प्रयाग लाल दिनकर ने शिक्षा के महत्व पर विशेष जोर देते हुए कहा कि शिक्षा ही वह माध्यम है, जो व्यक्ति को उसके अधिकारों और कर्तव्यों के प्रति जागरूक बनाती है। उन्होंने मातृशक्ति से अपील की कि वे अपने बच्चों को नियमित रूप से विद्यालय भेजें। उन्होंने बताया कि विधिक जागरूकता शिविरों के माध्यम से समाज के अंतिम व्यक्ति तक न्याय की पहुंच सुनिश्चित की जा रही है। उन्होंने नेशनल लोक अदालत के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि इसके माध्यम से राजीनामा योग्य प्रकरणों का त्वरित, सरल एवं कम खर्च में निराकरण संभव है, जिससे समय और धन दोनों की बचत होती है। साथ ही उन्होंने पीड़ित प्रतिकर योजना के तहत पीड़ित परिवारों को दी जाने वाली आर्थिक सहायता के बारे में जानकारी दी और लोगों को इसका लाभ लेने के लिए प्रेरित किया।

विधायक धौहनी कुंवर सिंह टेकाम ने कहा कि इस प्रकार के शिविर ग्रामीण क्षेत्रों में न्यायिक जागरूकता बढ़ाने का प्रभावी माध्यम हैं। जब लोगों को अपने अधिकारों एवं कानून की जानकारी होगी, तभी वे उनका सही उपयोग कर सकेंगे। उन्होंने अत्याचार निवारण अधिनियम सहित विभिन्न योजनाओं का उल्लेख करते हुए पात्र हितग्राहियों से लाभ लेने की अपील की। कलेक्टर विकास मिश्रा ने कहा कि शासन का प्रत्येक अधिकारी एवं कर्मचारी एक लोकसेवक है और उसका प्रमुख दायित्व आमजन तक योजनाओं का लाभ पारदर्शी एवं सहज तरीके से पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि संविधान प्रत्येक व्यक्ति को सम्मानपूर्वक जीवन जीने का अधिकार देता है और यह तभी संभव है जब उसे समय पर शासन की योजनाओं का लाभ प्राप्त हो। इस दौरान जपं सीईओ ज्ञानेंद्र मिश्रा इंजी.विवेक तिवारी, पंकज गाडगे, जेपी झारिया, पंकज मिश्रा, राममिलन प्रजापति, सहा.परि. केदार मिश्रा, वनरक्षक सोनी सिंह, प्राचार्य पीके पाण्डेय, रामपाल सिंह, सुजीत सिंह आदि शामिल रहे।

कलेक्टर ने तहसील न्यायालय कुसमी का किया निरीक्षण, त्वरित निराकरण के दिए निर्देश

नवभारत न्यूज

सीधी 28 मार्च। कलेक्टर विकास मिश्रा ने तहसील न्यायालय कुसमी का निरीक्षण कर न्यायालयीन एवं राजस्व कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने लंबित प्रकरणों के शीघ्र निराकरण तथा कार्यों में गति लाने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए।

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने विशेष रूप से नामांतरण, बंटवारा एवं सीमांकन जैसे महत्वपूर्ण राजस्व प्रकरणों को समय-सीमा में प्राथमिकता के साथ निराकृत करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आमजन से जुड़े इन प्रकरणों के लंबित रहने से अनावश्यक विवाद उत्पन्न होते हैं, इसलिए इनका त्वरित एवं पारदर्शी निराकरण सुनिश्चित किया जाए। कलेक्टर श्री मिश्रा ने न्यायालयों में नियमित सुनवाई सुनिश्चित करने पर जोर देते हुए कहा कि न्यायालयीन कार्यों को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए। उन्होंने निर्देशित किया कि सभी प्रकरणों में समयबद्ध कार्रवाई करते हुए आमजन को शीघ्र न्याय उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने राहत से संबंधित प्रकरणों के निराकरण में संवेदनशीलता बरतने के निर्देश देते हुए कहा कि पात्र हितग्राहियों को बिना विलंब राहत प्रदान की जाए। इसके साथ ही कलेक्टर ने राजस्व वसूली की प्रगति की समीक्षा करते हुए 31 मार्च से पूर्व निर्धारित लक्ष्यों की शत-प्रतिशत पूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने तहसील परिसर का अवलोकन कर साफ-सफाई बनाए रखने तथा कार्यालयीन रिकॉर्डों के व्यवस्थित संधारण के निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि सुव्यवस्थित रिकॉर्ड प्रबंधन से कार्यों में पारदर्शिता एवं दक्षता बढ़ती है। इस अवसर पर तहसीलदार नारायण सिंह सहित संबंधित अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

निजी स्कूलों की मनमानी पर सख्ती, तय दुकान से किताब-यूनिफॉर्म खरीदने की बाध्यता खत्म

नवभारत न्यूज

सीधी 28 मार्च। जिले में निजी स्कूलों की मनमानी पर लगाम कसते हुए कलेक्टर विकास मिश्रा ने अभिभावकों को बड़ी राहत प्रदान की है। स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा जारी नवीन दिशा-निर्देशों के अनुसार अब कोई भी निजी विद्यालय विद्यार्थियों या उनके अभिभावकों को किसी निर्धारित दुकान से किताबें, यूनिफॉर्म या अन्य शैक्षणिक सामग्री खरीदने के लिए बाध्य नहीं कर सकेगा।

अब तक कई निजी विद्यालय संचालकों द्वारा अभिभावकों को महंगी किताबें, अनावश्यक कॉपियां एवं पूरा सेट खरीदने के लिए मजबूर किया जाता था, जिससे विशेष रूप से आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों पर अतिरिक्त बोझ पड़ता था। नए निर्देशों के माध्यम से इस प्रकार की मनमानी पर रोक लगाने का प्रयास किया गया है।

जारी निर्देशों में स्पष्ट किया गया है कि कोई भी स्कूल यह नहीं बताएगा कि किताबें, कॉपियां या यूनिफॉर्म केवल किसी विशेष दुकान या विक्रेता से ही खरीदी जाएं। अभिभावक अब अपनी सुविधा एवं उचित मूल्य के अनुसार किसी भी विक्रेता से सामग्री खरीद सकेंगे। साथ ही किसी भी निजी प्रकाशक या विक्रेता को स्कूल परिसर में किताबों के प्रचार-प्रसार या बिक्री की अनुमति नहीं होगी।

निर्देशों का पालन नहीं करने वाले निजी विद्यालयों के विरुद्ध नियमानुसार दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि किसी भी प्रकार की अनियमितता या शिकायत मिलने पर तत्काल जांच कर कार्रवाई की जाएगी। नोटिस बोर्ड पर प्रदर्शित करना अनिवार्य। सभी निजी विद्यालयों को निर्देशित किया गया है कि उक्त आदेशों को अपने नोटिस बोर्ड पर अनिवार्य रूप से प्रदर्शित करें, ताकि अभिभावकों को उनके अधिकारों की पूरी जानकारी मिल सके। इस निर्णय से अभिभावकों को आर्थिक राहत मिलने के साथ ही शिक्षा व्यवस्था में पारदर्शिता और जवाबदेही भी सुनिश्चित होगी।

फीस वृद्धि पर भी नियंत्रण

आगामी शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए फीस वृद्धि को लेकर भी स्पष्ट प्रावधान किए गए हैं। 10 प्रतिशत तक की वृद्धि स्कूल स्वयं कर सकेंगे। 10 से 15 प्रतिशत तक वृद्धि के लिए जिला स्तरीय समिति की अनुमति आवश्यक होगी। 15 प्रतिशत से अधिक वृद्धि के लिए राज्य स्तरीय समिति की स्वीकृति अनिवार्य होगी।

कोविड वैक्सीन पर पैसा दिलाने को लेकर जेवर एवं नकदी की ठगी

नवभारत न्यूज

सीधी 28 मार्च। कोविड वैक्सीन लगने पर बुजुर्गों को हर महीने 6 हजार रूपये दिलाने के नाम पर नकदी एवं जेवरात ठगी करने का मामला सामने आया है। यह मामला जमोड़ी थाना अंतर्गत डेम्हा गांव का है।

पीडित कृष्णपाल सिंह पिता स्व.गुलाब सिंह उम्र 76 वर्ष ने जमोड़ी थाना में ठगी की लिखित रिपोर्ट की है। रिपोर्ट में कहा गया है कि 7 मार्च 2026 की शाम करीब 5 बजे अपने दरवाजे पर बैठा था, उसी दौरान 2 अज्ञात व्यक्ति पहुंचे और बोले की मोदी जी की योजना आई है जिसके तहत 60 वर्ष से ज्यादा के बुजुर्गों को जिनको वैक्सीन लगी है अब 6 हजार रूपये हर माह मिलेगा। बुजुर्ग से इनके द्वारा कहा गया कि 4 हजार रूपये दीजिये, मुझे 000 नम्बर के नोट लेना है। यह सुनकर बुजुर्ग ने 4000 रूपये इनको दिया। रूपये देखकर वापस कर दिया गया, जिसे बुजुर्ग ने दीवाल के आलमारी में रख दिया। उसी दौरान एक व्यक्ति बोला कि मेरे साथी के साथ खेत में जाकर नक्श बनवा लीजिये, मैं यहीं बैठा हूं। बुजुर्ग के खेत में जाने पर साथ में गया युवक बोला कि मेरा मोबाइल आपके घर में छूट गया, लेकर आता हूं। कुछ देर तक बुजुर्ग खेत में खड़े रहे और कोई नहीं आया तो वापस घर गये और देखा तो 4 हजार रूपये गायब थे तथा पेटी खोलकर देखने पर मालूम पड़ा कि चांदी का नारियल, पान, प्लेट, सुपाड़ी वजन 6 तोला गायब था। जमोड़ी पुलिस द्वारा मामले की विवेचना की जा रही है।

संगठन की असली ताकत उसके कार्यकर्ताओं में होती है : अजय सिंह

जिला कांग्रेस समन्वय और कार्य समन्वय समिति की मासिक बैठक पूर्व नेता प्रतिपक्ष के मुख्य आतिथ्य में आयोजित, संगठन मजबूती, जनहित मुद्दों और आगामी कार्यक्रमों पर हुई विस्तृत चर्चा

नवभारत न्यूज

सीधी 28 मार्च। जवाहर कांग्रेस भवन में जिला समन्वय समिति और जिला कांग्रेस कार्यसमिति की मासिक बैठक पूर्व नेता प्रतिपक्ष व चुरहट विधायक अजय सिंह राहुल के मुख्य आतिथ्य, जिला संगठन प्रभारी दिलीप मिश्रा और जिला कांग्रेस कमेटी सीधी के अध्यक्ष ज्ञान सिंह की विशेष उपस्थिति में संपन्न हुई।

बैठक में समन्वय समिति के सदस्य आनंद सिंह, चिंतामणि तिवारी, रुद्रप्रताप सिंह, ज्ञानेन्द्र अग्निहोत्री, दान बहादुर सिंह, अरविंद सिंह रोशन, श्यामवती सिंह, मनोज कोल, चंद्रवती साकेत, प्रफुल्ल पाण्डेय और नागेश्वर साकेत सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। बैठक के दौरान संगठन की मजबूती, आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा और जनहित से जुड़े मुद्दों पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। कार्यकर्ताओं ने जमीनी स्तर पर संगठन को सक्रिय बनाने और आमजन की समस्याओं को प्राथमिकता से उठाने का संकल्प लिया। मुख्य अतिथि अजय सिंह राहुल ने कहा कि संगठन की असली ताकत उसके कार्यकर्ताओं में होती है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से जनता के बीच सक्रिय रहने और उनकी समस्याओं को प्रमुखता से उठाने का आह्वान किया साथ ही बूथ स्तर तक कांग्रेस के संगठन को समन्वय के साथ काम करने के लिए भी आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जिला कांग्रेस अध्यक्ष ज्ञान सिंह ने कहा कि जिले में संगठन को मजबूत करने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कार्यकर्ताओं से सक्रिय भूमिका निभाते हुए जनहित के मुद्दों को प्राथमिकता देने की बात कही। बैठक में जिला पदाधिकारी ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्षगण सहयोगी संगठनों एवं प्रकोष्ठों के अध्यक्षगण सहित पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

संगठन को मजबूत बनाने में समन्वय अनुशासन बेहद आवश्यक : दिलीप

जिला संगठन प्रभारी दिलीप मिश्रा ने कहा कि संगठन को मजबूत बनाने के लिए समन्वय और अनुशासन बेहद आवश्यक है। उन्होंने आगामी कार्यक्रमों को सफल बनाने के लिए कार्यकर्ताओं से पूरी जिम्मेदारी के साथ कार्य करने की अपील की।